## मंत्री नेताम ने केन्द्रीय कृषि एवं जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुण्डा से की मुलाकात

# छत्तीसगढ़ के किसानों की आय दोगुनी करने तकनीकी पहलुओं पर हुई चर्चा

- ड्रोन पद्धति, सामुदायिक वानिकी, छोटे-छोटे यूनिट्स और मैक्नाइजेशन के लिए 1100 करोड़ रुपए का दिया प्रस्ताव केन्द्रीय मंत्री ने दी सैद्धांतिक सहमति
- धान के अलावा लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने पर जोर
- इथेनॉल बनाने मक्के की संभावनाओं पर भी चर्चा



● रायपुर/ आरएनएन

छत्तीसगढ़ के कृषि विकास और आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने आज अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुण्डा से सौजन्य मुलाकात की।

### विस्तारपूर्वक चर्चा की

कृषि मंत्री नेताम ने छत्तीसगढ़ के किसानों की भविष्य की चिन्ता करते हुए उनकी आय दोगुनी करने के लिए केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा से तकनीकि पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रदेश में किसानों को धान के अलावा लघु धान्य फसलों के प्रति जागरूक करने पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर मंत्रियों ने छत्तीसगढ़ में इथेनॉल तैयार करने के लिए मक्का की फसलों की संभावनाओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। कृषि मंत्री नेताम के नेतृत्व में अधिकारियों के दल द्वारा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा और अधिकारियों से भी किसानों की आय बढ़ाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

### सभी प्रस्तावों पर सहमति

इस मौके पर ड्रोन पद्धति, सामुदायिक वानिकी, लघु उद्योग हेतु छोटे-छोटे यूनिट्स और मैक्नाईजेशन के लिए 1100 करोड़ रूपए के प्रस्ताव केन्द्रीय मंत्री को सौंपा गया। केन्द्रीय मंत्री द्वारा इन प्रस्तावों पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए आश्वस्त किया गया कि छत्तीसगढ़ के सभी प्रस्तावों पर सहमति है और जल्द से जल्द अनुमोदित करने हेतु निर्देश किया जाएगा। इन प्रस्तावों के स्वीकृत हो जाने से प्रदेश में मक्का के फसलों को बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक वर्ष मक्का के 50,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल बढ़ने की संभावना है, इससे लगभग हर वर्ष 1,45,000 हेक्टेयर मिलेट की खेती कराया जा सकेगा। मुलाकात के दौरान पीएम प्रणाम योजना और नैनो उर्वरक, मैक्नाईजेशन को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

### वादों को पूरा कर रहे

मंत्री नेताम ने इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। हमारी सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता को किए गए वादों को पूरा करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी है। किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा मोदी की गारंटी के अनुरूप अंतर की राशि जल्द प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार ने शासन में आते ही प्रदेश के 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास देने की स्वीकृति प्रदान कर उल्लेखनीय कार्य किया है।

## पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में ली बैठक

# अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक व पात्र युवाओं का पंजीयन कराने के निर्देश



● राजनांदगांव/ आरएनएन

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में बैठक ली। बैठक में सुरूचि सिंह ने अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों को पंजीयन के संबंध में आवश्यक जानकारी देने एवं पंजीयन करने में सहयोग करने के निर्देश महाविद्यालयों के प्राचार्य व प्रभारी प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए जानकारी देकर पंजीयन कराएं।

### पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी

बैठक में अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि युवा पंजीयन के लिए पंचायत सचिव, स्कूलों के प्राचार्य, महाविद्यालय से संपर्क कर सकते है। इसके साथ ही लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी पंजीयन किया जा सकता है। अग्निवीर थल सेना भर्ती में 6 प्रकार के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसमें योग्यता आठवीं पास, दसवीं पास तथा 12वीं पास है। इसके लिए पांच प्रकार के दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। सभी दस्तावेजों के साथ लोकसेवा केन्द्रों अथवा स्कूलों व महाविद्यालय में पंजीयन कराया जा सकता है। सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं जिले में ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए पंजीयन कराने कहा गया।

इस अवसर पर उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया, परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज मरकाम, जनपद पंचायत सीईओ, प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 22 या 23 फरवरी को उनके उत्तराधिकारी पहुंचेंगे डोंगरगढ़

# विद्यासागर महाराज की चंद्रगिरी में बनेगी समाधि

● राजनांदगांव/ आरएनएन



जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्मलीन होने के बाद अब उन्हें विनयांजलि देने देशभर के कोने-कोने से जैन मुनि और लोग चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। चंद्रगिरी जैन तीर्थ स्थल में आचार्य मुनि विद्यासागर जी महाराज की समाधि बनाई जाएगी, वहीं उनके उत्तराधिकारी मुनि श्री समय सागर जी महाराज भी 22 या 23 फरवरी को चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचेंगे। जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने सल्लेखना करते हुए अपना देह त्याग कर ब्रह्मलीन हो गए थे। 18 फरवरी को वह पंचतत्व में विलीन हो गए। डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज को अंतिम श्रद्धांजलि दी गई। जहां हजारों की संख्या में जैन मुनि जैन समाज से जुड़े लोग और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और गणमान्य नागरिकों ने उनके ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धाजलि अर्पित की। महाराष्ट्र होते हुए वह चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचेंगे 22 या 23 फरवरी को मुनिश्री समय सागर जी महाराज चंद्रगिरी पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही कई अन्य संत भी उनके साथ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पहुंचेंगे, जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। बड़ी संख्या में कोने-कोने से जैन मुनि और जैन धर्म से जुड़े लोग राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पहुंच रहे हैं। विश्व विख्यात जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन के बाद पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जा रहा है। उनका पूरा जीवन लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है उन्होंने पूरे जीवन भर सात्विक जीवन जिया और समाज के प्रति वह कार्य करते रहे डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी में उनकी समाधि बनाई जाएगी जिसको लेकर तैयारी की जा रही है।

## सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी वर्चुअल माध्यम से करेंगे लोकार्पण

# ग्राम ठाकुरटोला में समेकित क्षेत्रीय केंद्र के नए भवन का लोकार्पण आज

● राजनांदगांव/ आरएनएन



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार श्री ए. नारायणस्वामी द्वारा 21 फरवरी 2024 को दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला में नवनिर्मित दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) के नए भवन का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया जाएगा। नया भवन 32 करोड़ रूपए की लागत से दो मंजिला बना है। नये भवन में दिव्यांगजनों के लिए सारी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इस अवसर सांसद श्री संतोष पांडे, एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के कार्यवाहक निदेशक मेजर बीवी राम कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान हितग्राहियों को सहायक उपकरण हियरिंग एड, टीएलएम किट, गतिशीलता उपकरण, व्हील चेयर सहित अन्य उपकरण प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि, सीआरसी के अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन, पालकगण, नागरिकगण उपस्थित रहेंगे। निदेशक सीआरसी राजनांदगांव स्मिता महोबिया ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव (सीआरसी) की स्थापना 25 जून 2016 को की गई थी।

### दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सेवाएं

समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव वर्तमान में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है। जिसमें प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप, व्यावसायिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप, प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, वाक्, भाषा और श्रवण जांच, विशेष शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सामाजिक कार्य, प्लेसमेंट, दूरस्थ सेवाएं, मानव संसाधन विकास, अनुसंधान एवं विकास, किरण मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन (एमएचआरएच) छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सीआरसी राजनांदगांव द्वारा संचालित की जाती है। इसके अलावा बौद्धिक दिव्यांजनों को शारीरिक दिव्यांगता के अनुरूप सहायक उपकरण कृत्रिम अंग, बैसाखी, व्हील चेयर आदि और शिक्षण एवं शिक्षण सामग्री (टीएलएम) किट सहित सहायक उपकरणों का नियमित वितरण एडीआईपी योजना के तहत निःशुल्क किया जाता हैं। श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कान के पीछे में लगाने वाली श्रवण यंत्र प्रदान की जाती हैं।

### नए भवन की अन्य मुख्य विशेषताएं

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगांव का नया भवन ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 32 करोड़ रूपए की लागत से 4151.38 वर्ग मीटर भूमि में निर्मित किया गया है। यह भवन 2 मंजिलों में बहुत अधिक सुविधाओं के साथ बनाई गई है। इमारत को सभी प्रकार के दिव्यांगजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी सार्वभौमिक सुलभ सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। हाथ की रेलिंग के साथ रैंप और सीढ़ियां, ब्रेल साइनेज बोर्ड, पीले रंग के स्पर्शनीय नालीदार टाइल वाले फर्श। गलियारे की चौड़ाई सामान्य से अधिक रखी गई है और दोगुनी ऊंचाई की रेलिंग लगाई गई है, ताकि बौने दिव्यांगजनों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी स्वतंत्र रूप से चलना सुविधाजनक हो। दिव्यांगजनों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सुलभ शौचालयों को कम ऊंचाई और आसान लॉकिंग सिस्टम के साथ तय किया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार के पास दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ पार्किंग सुनिश्चित की गई है। इस सेवाओं के लिए सीआरसी राजनांदगांव में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इस भवन में हरियाली वाले लॉन और उद्यान हैं।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिले किरण सिंहदेव, रायपुर से अयोध्या के लिए सीधी फ्लाइट सेवा की मांग



रायपुर। छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने रायपुर से अयोध्या हवाई सेवा शुरू करने के लिए केन्द्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्हें इस संबंध में पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि है। इस वजह से छत्तीसगढ़वासी भगवान श्रीराम को अपना भांजा मानते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की भव्य और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा से प्रधानमंत्री के प्रति प्रदेश में समर्थन और विश्वास में कई गुना वृद्धि हुई है। अब श्रीरामलला के दर्शन की योजना भी प्रारंभ हो चुकी है। रायपुर से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान नहीं होने से श्रद्धालुओं को हवाई जहाज से यात्रा करने में काफी परेशानी हो रही है। इस वजह से प्रदेश की जनता को रामनगरी अयोध्या से जोड़ने के लिए रायपुर से अयोध्या तक सीधी उड़ान सेवा शुरू की जाए। रायपुर से अयोध्या को सीधे हवाई सेवा से जोड़ने से यात्रियों और श्रद्धालुओं के समय एवं धन की बचत के साथ साथ भगवान राम के मंदिर दर्शन करने में भी सुविधा होगी।

## मुख्यमंत्री ने पत्रकार मधुकर खेर की जयंती पर किया याद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रबुद्ध पत्रकार मधुकर खेर की 21 फरवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। साय ने मधुकर जी को याद करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में हिन्दी-अंग्रेजी पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में मधुकर जी ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को जागरूक करने, जनसमस्याओं और सकारात्मक समाचारों को देश-दुनिया के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे विदर्भ और रायपुर श्रमजीवी पत्रकार संघ के संस्थापक सदस्य भी रहे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मधुकर खेर के सम्मान और स्मृति में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया-अंग्रेजी के क्षेत्र में मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार दिया जाता है।

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: इंडियन रेयॉन कंपाऊंड, वेरावल, गुजरात-362266.
शाखा कार्यालय: रूम नं. 401, चतुर्थ तल, कैमेक स्कवायर, 24, कैमेक स्ट्रीट, कोलकाता - 700016

"परिशिष्ट IV-A"
[नियम 8(6) का प्रावधान देखें)]
अचल संपत्ति के विक्रय के लिये विक्रय सूचना

अचल संपत्ति(यों) के विक्रय के लिये सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (54 के 2002) के नियम 8(6) के प्रावधान के अनुसार ई-नीलामी विक्रय सूचना।

सामान्य जन को सार्वजनिक रूप में एवं ऋणकर्ता (ओं) एवं प्रतिभूतिकर्ता (ओं) को विशेष रूप में यह सूचना दी जाती है कि नीचे दर्शाई अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के गिरवी/प्रभार में है, जिसका कब्जा ऋणकर्ताओं/सह-ऋणकर्ताओं/गिरवीकर्ताओं जिनके नाम 1. मेसर्स राहुल ट्रेडिंग कंपनी (उधारकर्ता) प्रोपराइटरशिप कंसर्न का प्रतिनिधित्व इसके मालिक श्री नवनीत गुप्ता द्वारा, 2. नवनीत गुप्ता (मालिक/बंधककर्ता/गारंटर), 3. लीना गुप्ता (बंधककर्ता/गारंटर), 4. चंदर गुप्ता (बंधककर्ता/गारंटर), 5. नीलम गुप्ता (गारंटर), 6. मेसर्स सी.जी ट्रेडिंग कंपनी (गारंटर) प्रोप्राइटरशिप कंसर्न इसके प्रोपराइटर श्री चंदर गुप्ता से राशि भारतीय रू. में रु. 6,15,62,724.82/- (रूपये छह करोड़ पंद्रह लाख बाँसठ हजार सात सौ चौबीस और पैसे बयासी मात्र) (यह राशि टीडीएस गणना एवं पूर्व-भुगतान के अतिरिक्त है) 28.04.2023 को देय एवं उस पर वसूली की तिथि तक भविष्य में लगने वाले ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली के लिए आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया जा चुका है, उक्त संपत्ति आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के द्वारा "जहाँ है, जैसा है", "जैसा है, वैसा है" एवं "जो भी है" आधार पर 12 मार्च, 2024 को नीलामी के माध्यम द्वारा विक्रय कर दी जायेगी।

निम्न दर्शाई संपत्ति-1 के लिए आरक्षित मूल्य रू. 8,90,35,808/- (रुपये आठ करोड़ नब्बे लाख पैंतीस हजार आठ सौ आठ मात्र) होगी और बयाना राशि 89,03,580.80/- (रुपये नवासी लाख तीन हजार पाँच सौ अस्सी और अस्सी पैसे मात्र) होगी। जबकि संपत्ति-2 के लिए आरक्षित मूल्य रु. 62,00,955/- (रुपये बाँसठ लाख नौ सौ पचपन मात्र) होगी और बयाना राशि रु. 6,20,095.50/- (रुपये छह लाख बीस हजार पंच्यानबे और पचास पैसे मात्र) होगी

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति (1)-ग्राम-कुम्हारी, पी.एच. 46, राजस्व मंडल, अहि बारा विकास खंड धमधा, तहसील - दमधा, जिला - दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि के सभी भाग व अंश, कब्ज़ा एवं स्वामित्व वाली भूमि, कृषि भूमि (विधिवत वाणिज्यिक में परिवर्तित), प्रकृति - असिंचित भाटा, खसरा नंबर 1450/3 , एवं 1450/6 (शेष भाग), क्षेत्रफल-0.206 हेक्टेयर अर्थात 0.51 एकड़ किराया 0.60 रूपये जो कि जी.ई. रोड (मेन रोड) से 400 फीट से अधिक दूरी पर स्थित है तथा जिसे संलग्न पटवारी मानचित्र में दर्शाया गया है। विलेख में (जिसे विलेख के अलग भाग के रूप में संलग्न किया जाएगा)। भूमि में कोई पेड़, कुआँ आदि नहीं है, भूमि नगर निगम के क्षेत्र में है और निम्नानुसार बंटी और सीमाबद्ध है:
उत्तर में- मालिक के परिवार की भूमि, दक्षिण में- मालिक के परिवार की भूमि,
पूर्व में- मालिक की भूमि, पश्चिम में- रेलवे की भूमि
संपत्ति (2)- भूमि अंश डी 7, सेक्टर 30 नया रायपुर के भीतर निर्मित संपत्ति के सभी भाग और अंश, ग्राम-नवागांव, पी.सी. नंबर 18, आरआईसी-मंदिर हसौद, नया रायपुर, तहसील- आरंग, जिला रायपुर सी.जी में अपार्टमेंट नंबर 802, 4बीएचके, ब्लॉक "ए" टावर-1 की 8वीं मंजिल, मेफेयर के सभी अंश भाग, जिसका कब्जा क्षेत्र 2510 वर्ग फुट है। कारपेट एरिया 1865 वर्ग फुट (श्री नवनीत गुप्ता के स्वामित्व में) और निम्नानुसार बंटी और सीमाबद्ध है:
उत्तर में- खुली जगह से दक्षिण में-खुली जगह से
पूर्व में- खुली जगह से पश्चिम में-सीढ़ी केस लॉबी
जिसमें भूमि/सतह खसरा नंबर 650/2, 651, 652, 653, 654, 655, 656, 657, 658 और 670 में कुल 255388 वर्ग फुट के सभी अंश भाग में अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है, जी.टी. लाइफ स्पेस डी-7, सेक्टर- 30, नया रायपुर (सी.जी.) द्वारा कवर किया गया और निम्नानुसार बंटी और सीमाबद्ध है:
उत्तर में- प्लॉट नंबर डी-6 दक्षिण में- प्लॉट नंबर डी-8 और हरित क्षेत्र
पूर्व में- 9 मीटर चौड़ा फैला और हरित क्षेत्र पश्चिम में- 24 मीटर चौड़ी सड़क
विक्रय की विस्तृत नियम व शर्तों के लिये कृपया आदित्य बिड़ला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड/ सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट अर्थात् https://mortgagefinance.adityabirlacapital.com/ Pages/ Individual/Properties-for-auction-under-sarfaesi-Act.aspx or https://sarfaesi.auctiontiger.net

तिथि: 20 फरवरी, 2024
स्थान: कुम्हारी-दुर्ग एवं रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्राधिकृत अधिकारी
आदित्य बिड़ला फायनेंस लिमिटेड

## सौगात — हर घर नल से जल के लिए छत्तीसगढ़ के बजट में 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान

# बस्तर से सरगुजा तक हर घर जल का लक्ष्य हो रहा पूरा



● रायपुर/ दानेश्वरी

बस्तर से लेकर सरगुजा अंचल तक की महिलाओं को अब अपने घरेलू उपयोग के लिए पनघट में जाकर पानी भरने की जरूरत नहीं होगी और न ही झिरिया के पानी पीने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर घर नल से जल पहुंचाने की गारंटी दी है। इस पर तेजी से काम हो रहा है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में 4 हजार 5 सौ करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

हर घर तक स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रमोदी के नेतृत्व में देश भर में जल जीवन मिशन शुरू किया गया है। इस मिशन के अंतर्गत प्रत्येक परिवार के उनकी दैनिक जरूरत के लिए 55 लीटर जल नल से उपलब्ध कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ में इस अभियान को तेजी से पूरा किया जा रहा है। राज्य के 49.98 लाख घरों तक नल से जल पहुंच रहा है। इस मिशन के अंतर्गत 75 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाने का काम सफलता पूर्वक किया जा रहा है। शेष 25 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंचाने के लिए तेजी से काम हो रहा है।जल जीवन मिशन विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एक क्रांतिकारी अभियान है। इस मिशन के जरिए बच्चो के स्वास्थ्य को सुरक्षा मिलेगी। बच्चों और बड़ो में होने वाली जलजनित बीमारियों से निजात मिलेगी। वहीं महिलाओं को भी उनके घरेलू कामकाज के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा। इस वक्त का उपयोग महिलाएं अपने आर्थिक गतिविधियों के लिए कर सकेगी।



### शुद्ध पानी मिलना हुआ आसान

बस्तर और सरगुजा अंचल के कई गांवों में शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीण खुश हैं। ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जशपुर निवासी श्री मनोहर टोप्पो ने बयाता कि पहले इस गांव में पानी की बहुत बड़ी समस्या थी। यहां के लोगों को पानी लाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था अपने घर से दूर लगे हैंडपंप कुएं से पानी लाना पड़ता था। कई बार हैंडपंप के खराब होने पर व कुएं में पानी नहीं होने पर तो कई किलोमीटर दूर पैदल चलकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी। लेकिन आज जल जीवन मिशन योजना के तहत शुध्द पेयजल लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है। टोप्पो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है।

### महिलाएं हैं सबसे ज्यादा प्रसन्न

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत सौतपुर के ग्रामीण खासकर महिलाएं अब खुश हैं कि उनके गांव के हर घर में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। इस बारे में ग्राम पंचायत सौतपुर के युवा सरपंच मैना कश्यप बताती हैं कि गांव के प्रत्येक मोहल्ले में सभी को पानी मिल रहा है जिससे पूरे गांव में खुशहाली का माहौल है।